Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Prasad Shri Lal Mani

Title: Need to check malpractices in the matter of procurement of sugarcane so as to safeguard the interests of farmers.

श्री लालमणि प्रसाद : महोदय, मैं गन्ना किसानों की ओर से बोलना चाहता हूँ। गन्ना किसानों की समस्याओं की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूँ। गन्ना किसानों के जीवन का आधार है। गन्ने को बेचकर ही किसान अपने बच्चों का शादी-ब्याह करता है और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। लेकिन आज हमारे बस्ती जिले में गन्ना किसान की बहुत खराब हालत है। गन्ना मिल मालिकों की साजिश से कर्मचारियों और दलालों की मिलीभगत से वहाँ पर गन्ना केंद्रों पर घटतौली और किसानों का शोाण हो रहा है। जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है और जब किसान विरोध करते हैं तो उन पर फर्जी मुकदमा कायम किया जाता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि किसानो पर जो फर्जी मुकदमे कायम किए जा रहे हैं उनको समाप्त किया जाए और किसानों का शोाण रोका जाए और साथ ही साथ बकाया गन्ना मूल्य दिलाया जाए।